आज दिनांक 31–01–2019 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में भविष्य के मतदाताओं के लिए पहचान पत्र (Voter Card) बनवाने और उन्हें वोट के महत्व का ज्ञान कराने के लिए चुनाव पाठशाला का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी के कुशल निर्देशन में हुआ, जिसमें जिला निर्वाचन कार्यालय, विधानसभा–88, बल्लबगढ़ से हिन्दी प्रवक्ता श्री नन्द किशोर व श्री प्रदीप जी ने बहुत महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। उन्होंने समझाया कि मतदान करना सभी मतदाताओं का प्रथम कर्तव्य है जो देश के विकास व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए 18 वर्ष व इससे उपर के सभी नागरिकों को प्रथमतः मतदान कार्ड़ बनवाना चाहिए। मतदान के प्रति उदासीनता देश के विकास में बाधा है। लोकतन्त्र को मजबूत बनाने के लिए मतदाता को पूर्ण उत्साह व जोश के साथ मतदान प्रक्रिया में भाग लेना चाहिए और अपने मत का प्रयोग बिना किसी प्रलोभन के सोच समझकर करना चाहिए। आज कि इस पाठशाला से विद्यार्थी बहुत लाभान्वित हुए।